**अवसर**

# विकास संवाद में सहभागिता का अवसर

## क्रेच कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं

**स्थान:** रायडीह प्रखंड, जिला गुमला, झारखंड

## विकास संवाद समिति (VSS) के बारे में:

विकास संवाद समिति एक गैर-सरकारी संस्था है, जो सामाजिक विकास, क्षमता निर्माण, संवैधानिक मूल्यों एवं प्रभावी संचार के क्षेत्र में कार्यरत है। संस्था बच्चों और महिलाओं के अधिकारों, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, और गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्य करती है। विकास संवाद, विशेष रूप से वंचित समुदायों–जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाएं, किशोर-किशोरियाँ, युवा और छोटे किसानों–के साथ मिलकर उनके सशक्तिकरण और सामाजिक उन्नति के लिए प्रयासरत है। संस्था अपने कार्यों में समता, समानता, न्याय, गरिमा और लोकतांत्रिक भागीदारी जैसे संवैधानिक मूल्यों को प्राथमिकता देती है। यह सामुदायिक कार्यक्रमों, शोध, दस्तावेज़ीकरण और प्रभावी संचार के माध्यम से, समुदाय-आधारित संस्थाओं, मीडिया, पंचायती राज संस्थाओं, शासकीय विभागों और सिविल सोसायटी नेटवर्क के साथ साझेदारी कर समावेशी एवं साक्ष्य-आधारित विकास को बढ़ावा देती है।

## परियोजना के बारे में:

विकास संवाद समिति द्वारा अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से, गुमला जिले के रायडीह प्रखंड के 20 गांवों में क्रेच कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों की देखभाल के लिए सुरक्षित और बाल-सुलभ स्थान उपलब्ध कराना है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से कामकाजी और वंचित परिवारों के बच्चों की प्रारंभिक देखभाल, पोषण और समग्र विकास के लिए है, ताकि इनकी माताएं निश्चिंत होकर अपनी आजीविका के कार्य कर सकें।

## रिक्त पदों के बारे में:

क्रेच कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए उत्साही, ऊर्जावान और प्रतिबद्ध साथियों (डेवलपमेंट प्रोफेशनल्स) की आवश्यकता है। रिक्त पदों का विवरण निम्नलिखित है।

1. परियोजना प्रबंधक - 1 पद
2. क्लस्टर समन्वयक - 1 पद
3. एमआईएस कोऑर्डिनेटर - 1 पद
4. अकाउंट व लॉजिस्टिक कोऑर्डिनेटर - 1 पद
5. क्रेच सुपरवाइजर - 2 पद

**आवेदन की अंतिम तिथि:** 25.07.2025

**कार्यस्थल (मुख्यालय):** रायडीह प्रखंड, गुमला जिला (झारखंड)

**कार्य क्षेत्र:** रायडीह प्रखंड के 20 गांव

# पद का नाम: परियोजना प्रबंधक - क्रेच कार्यक्रम

**स्थान:** रायडीह प्रखंड, जिला गुमला, झारखंड

## पद के बारे में:

क्रेच कार्यक्रम में **परियोजना प्रबंधक** पद हेतु आवेदन आमंत्रित हैं। परियोजना प्रबंधक, कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे/गी एवं कार्यक्रम के नियोजन, क्रियान्वयन, समन्वय और निगरानी के लिए जिम्मेदार होंगे/गी, ताकि सभी क्रेच केन्द्रों में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

## मुख्य जिम्मेदारियाँ:

- क्रेच कार्यक्रम के संचालन की योजना बनाना एवं क्रियान्वयन करना। यह सुनिश्चित करना कि सभी क्रेच सुरक्षित, स्वच्छ और बच्चों (6 माह-3 वर्ष) के पोषण, देखभाल और प्रारंभिक सीखने हेतु उपयुक्त हों।
- क्रेच कार्यकर्ताओं और फील्ड स्टाफ का चयन, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन करना।
- गुणवत्ता निगरानी के लिए क्रेच केन्द्रों का भ्रमण करना और जरूरत के अनुसार मार्गदर्शन देना।
- अभिभावकों, मातृ समूहों, पंचायत प्रतिनिधियों, और एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) तथा स्वास्थ्य विभाग जैसे स्थानीय सरकारी विभागों से समन्वय बनाए रखना।
- समय-समय पर आवधिक रिपोर्ट तैयार करना, आंकड़े एकत्र करना, सफलता की कहानियां और फील्ड अनुभवों का दस्तावेजीकरण करना। विकास संवाद कार्यालय और अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन से समन्वय करना एवं निर्धारित समय पर रिपोर्ट भेजना।
- संस्था प्रबंधन द्वारा सौंपे गए क्रेच कार्यक्रम से जुड़े अन्य कार्यों को पूरा करना।

## योग्यता और अनुभव:

- सामाजिक कार्य, बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, ग्रामीण विकास या किसी अन्य प्रासंगिक क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री।
- फील्ड आधारित कार्यक्रमों के प्रबंधन में न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव, विशेषकर बाल देखभाल, शिक्षा या स्वास्थ्य कार्यक्रमों में।

## आवश्यक दक्षताएं एवं क्षमताएं:

- प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल, पोषण और समुदाय के साथ कार्य का अच्छा ज्ञान।
- टीम प्रबंधन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों के साथ कार्य करने का अनुभव।
- हिंदी और अंग्रेज़ी भाषा में बोलने और लिखने की दक्षता।
- कंप्यूटर का सामान्य ज्ञान (एमएसऑफिस, इंटरनेट, ईमेल)।
- गांवों और दूरस्थ क्षेत्रों में नियमित यात्रा करने की तत्परता।
- वंचित और आदिवासी समुदायों के साथ कार्य करने के प्रति प्रतिबद्धता।

## मानदेय:

₹45,000 से ₹50,000 प्रति माह (शासकीय कर एवं कटौतियों के अनुसार)। मानदेय उम्मीदवार की योग्यता और अनुभव के आधार पर तय किया जाएगा।

## आवेदन कैसे करें:

- इच्छुक उम्मीदवार अपना अपडेटेड बायोडाटा और कवर लेटर नीचे दिए गए ईमेल पते पर भेजें: office@vssmp.org
- कृपया ईमेल के विषय में लिखें: **'परियोजना प्रबंधक - क्रेच कार्यक्रम के पद हेतु आवेदन'**

# पद का नामः क्लस्टर समन्वयक - क्रेच कार्यक्रम

**स्थानः** रायडीह प्रखंड, जिला गुमला, झारखंड

## पद के बारे में:

क्रेच कार्यक्रम में **क्लस्टर समन्वयक** के पद हेतु आवेदन आमंत्रित हैं, जो **क्लस्टर स्तर पर** गांवों में क्रेच कार्यक्रम के प्रभावी संचालन और निगरानी में सहयोग करेगी/गा। क्लस्टर समन्वयक क्रेच कार्यकर्ताओं, फील्ड टीम और समुदाय के साथ मिलकर कार्य करेगी/गा ताकि सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित हो।

## मुख्य जिम्मेदारियाँ:

- निर्धारित गांवों के क्लस्टर में क्रेच केन्द्रों के संचालन का समन्वय और दैनिक निगरानी करना। क्रेच कार्यकर्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बाल देखभाल, पोषण और स्वच्छता बनाए रखने के लिए मार्गदर्शन देना।
- क्रेच केन्द्रों का नियमित भ्रमण करना, संचालन की स्थिति जांचना और बेहतरी हेतु मार्गदर्शन देना।
- प्रशिक्षण सत्र, बैठकों और समीक्षा बैठकों का आयोजन और संचालन करना।
- मातृ समूहों, पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनवाड़ी (ICDS) और स्वास्थ्य विभाग से तालमेल बनाए रखना।
- उपस्थिति, पोषण, गतिविधियों और प्रगति का डेटा एकत्र कर रिकॉर्ड रखना। सफलता की कहानियों और फील्ड अनुभवों का दस्तावेज़ीकरण करना और रिपोर्ट तैयार कर परियोजना प्रबंधक को भेजना।
- क्रेच केन्द्रों में बाल सुरक्षा, पोषण और स्वच्छता के मानकों का पालन सुनिश्चित करना।
- मासिक गतिविधियों और समुदाय जागरूकता कार्यक्रमों की योजना में सहयोग करना।
- परियोजना प्रबंधक या संस्था द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य भी जिम्मेदारी से निभाना।

## योग्यता और अनुभव:

- सामाजिक कार्य, पोषण, ग्रामीण विकास, बाल विकास या संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री।
- बाल देखभाल, शिक्षा, स्वास्थ्य या ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में 2-3 वर्षों का फील्ड अनुभव।
- आदिवासी/ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव।

## आवश्यक दक्षताएं एवं क्षमताएं:

- प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल, पोषण और समुदाय के साथ कार्य का अच्छा ज्ञान।
- महिलाओं, कार्यकर्ताओं और समुदाय के साथ संवाद और कार्य करने की दक्षता।
- हिंदी और अंग्रेज़ी भाषा में बोलने और लिखने की दक्षता। स्थानीय भाषा का ज्ञान लाभकारी होगा।
- कंप्यूटर का सामान्य ज्ञान (एमएसऑफिस, इंटरनेट, ईमेल)।
- गांवों और दूरस्थ क्षेत्रों में नियमित यात्रा करने की तत्परता।
- वंचित और आदिवासी समुदायों के साथ कार्य करने के प्रति प्रतिबद्धता।

## मानदेय:

- ₹30,000 - ₹35,000 प्रति माह (शासकीय कर एवं कटौतियों के अनुसार)। मानदेय उम्मीदवार की योग्यता और अनुभव के आधार पर तय किया जाएगा।

## आवेदन कैसे करें:

- इच्छुक उम्मीदवार अपना अपडेटेड बायोडाटा और कवर लेटर नीचे दिए गए ईमेल पते पर भेजें: office@vssmp.org
- कृपया ईमेल के विषय में लिखें: **'क्लस्टर समन्वयक - क्रेच कार्यक्रम के पद हेतु आवेदन'**

# पद का नाम: एमआईएस कोऑर्डिनेटर - क्रेच कार्यक्रम

**स्थान:** रायडीह प्रखंड, जिला गुमला, झारखंड

## पद के बारे में:

क्रेच कार्यक्रम में **एमआईएस कोऑर्डिनेटर** के पद हेतु आवेदन आमंत्रित हैं। इनकी प्रमुख जिम्मेदारी इस कार्यक्रम के प्रभावी संचालन और निगरानी एवं परियोजना की प्रगति और गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु डेटा प्रणाली का विकास, प्रबंधन और विश्लेषण करना है।

## मुख्य जिम्मेदारियाँ:

- क्रेच कार्यक्रम की निगरानी हेतु एमआईएस प्रणाली का विकास और प्रबंधन करना।
- फील्ड से प्राप्त आँकड़ों को एकत्र करना, जांचना, क्लीन करना और सत्यापित करना।
- सभी क्रेच केन्द्रों के डिजिटल और भौतिक रिकॉर्ड संधारण सुनिश्चित करना।
- विकास संवाद समिति प्रबंधन, परियोजना और डोनर की आवश्यकतानुसार आवधिक रिपोर्ट तैयार करना।
- टीम को डेटा संग्रहण हेतुफॉर्मेट्स और डिजिटल टूल्स (जैसे मोबाइल ऐप्स या एक्सेल) पर सहयोग देना।
- समय पर डेटा एंट्री, बैकअप और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करना।
- कार्यक्रम की समीक्षा और प्रस्तुति के लिए रिपोर्ट, डैशबोर्ड और विश्लेषणात्मक ग्राफ बनाना।
- प्रलेखन, केस स्टडी संग्रहण और साक्ष्य-आधारित लर्निंग में सहयोग देना।

## योग्यता और अनुभव:

- कंप्यूटर साइंस, आईटी, डेटा प्रबंधन, सांख्यिकी या समकक्ष विषय में स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री।
- विकास क्षेत्र में एमआईएस प्रणाली या डेटा प्रबंधन का कम से कम 2-3 वर्षों का अनुभव।
- एमएस एक्सेल (एडवांस), गूगल शीट्स और MIS टूल्स (जैसे DHIS2, Kobo Toolbox, ODK) का अनुभव वांछनीय।

## आवश्यक दक्षताएं एवं क्षमताएं:

- बेहतर विश्लेषण क्षमता और रिपोर्टिंग व डेटा विज़ुअलाइजेशन में दक्षता।
- एमएस ऑफिस, विशेषकर एक्सेल, पावरपॉइंट और एमआईएस टूल्स का अच्छा ज्ञान।
- फील्ड टीम को डेटा संबंधी कार्यों में मार्गदर्शन देने की क्षमता।
- हिन्दी और अंग्रेज़ी भाषा में बोलने और लिखने की दक्षता।
- सटीकता और गोपनीयता के साथ बड़े डेटा सेट को प्रबंधित करने की क्षमता।
- ग्रामीण/आदिवासी समुदायों के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता।

## मानदेय:

- ₹30,000 - ₹35,000 प्रतिमाह (शासकीय कर एवं कटौतियों के अनुसार) । मानदेय उम्मीदवार की योग्यता और अनुभव के आधार पर तय किया जाएगा।

## आवेदन कैसे करें:

- इच्छुक उम्मीदवार अपना अपडेटेड बायोडाटा और कवर लेटर नीचे दिए गए ईमेल पते पर भेजें: office@vssmp.org
- कृपया ईमेल के विषय में लिखें: **'एमआईएस कोऑर्डिनेटर - क्रेच कार्यक्रम के पद हेतु आवेदन'**

# पद का नाम: एकाउंट एंड लॉजिस्टिक कोऑर्डिनेटर - क्रेच कार्यक्रम

**स्थान:** रायडीह प्रखंड, जिला गुमला, झारखंड

## पद के बारे में:

क्रेच कार्यक्रम के प्रभावी संचालन हेतु **एकाउंट एंड लॉजिस्टिक कोऑर्डिनेटर (एएलसी)** के पद हेतु आवेदन आमंत्रित हैं। एएलसी परियोजना की वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने, लेखांकन मानकों का पालन करने तथा प्रशिक्षणों और सामुदायिक कार्यक्रमों से संबंधित लॉजिस्टिक सहयोग प्रदान करने हेतु उत्तरदायी होंगे/गी।

## मुख्य जिम्मेदारियाँ:

- क्रेच कार्यक्रम के दैनिक लेखा-जोखा और वित्तीय अभिलेखों का संधारण करना।
- वाउचर, बिल, और अन्य वित्तीय दस्तावेज़ों का समय पर लेखांकन (सॉफ्टवेयर या मैनुअल)।
- पेटी कैश का प्रबंधन, व्यय विवरण बनाना और मासिक रिपोर्टिंग में सहयोग करना।
- संस्था एवं डोनर संस्था 'अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन' के लेखा और ऑडिट मानकों का पालन करना।
- सामग्रियों, उपकरणों, प्रशिक्षण सामग्री की खरीद और वितरण में टीम का सहयोग करना।
- स्टॉक रजिस्टर का संधारण और टीम को समय पर सामग्री की आपूर्ति सुनिश्चित करना।
- बैठकों, प्रशिक्षणों, फील्ड विज़िट्स एवं कार्यक्रमों के लिए लॉजिस्टिक व्यवस्था करना।
- आईईसी सामग्री और दस्तावेज़ों की प्रिंटिंग, पैकिंग और वितरण में सहायता देना।
- उपस्थिति, रिइम्बर्समेंट, यात्रा और अन्य प्रशासनिक कार्यों में सहायता करना।
- वेंडर्स और सेवा प्रदाताओं से समन्वय करना एवं समय पर सेवाएं और भुगतान सुनिश्चित करना।
- आंतरिक और बाहरी ऑडिट्स व विज़िट्स के दौरान सहयोग करना।
- प्रबंधन या द्वारा दिए गए अन्य कार्यों का निष्पादन।

## योग्यता और अनुभव:

- कॉमर्स, व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में स्नातक डिग्री।
- लेखांकन, लॉजिस्टिक एवं प्रशासन से संबंधित कार्यों में 2-3 वर्षों का अनुभव, विशेषकर डेवलपमेंट सेक्टर (NGO) में कार्य के अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी।

## आवश्यक दक्षताएं एवं क्षमताएं:

- लेखा प्रणाली और वित्तीय रिपोर्टिंग की अच्छी समझ।
- एमएस एक्सेल, अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर (जैसे टैली) और डिजिटल दस्तावेज़ प्रबंधन में दक्षता।
- टीम और विभिन्न स्तरों पर समन्वय की कुशलता।
- हिन्दी और अंग्रेज़ी भाषा में बोलने और लिखने की दक्षता।
- पारदर्शिता, जवाबदेही और ग्रामीण/आदिवासी समुदायों के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता।

## मानदेय:

- ₹25,000 - ₹30,000 प्रति माह (शासकीय कर एवं कटौतियों के अनुसार) । मानदेय उम्मीदवार की योग्यता और अनुभव के आधार पर तय किया जाएगा।

## आवेदन कैसे करें:

- इच्छुक उम्मीदवार अपना अपडेटेड बायोडाटा और कवर लेटर नीचे दिए गए ईमेल पते पर भेजें: office@vssmp.org
- कृपया ईमेल के विषय में लिखें: **एकाउंट एंड लॉजिस्टिक कोऑर्डिनेटर - क्रेच कार्यक्रम के पद हेतु आवेदन'**

# पद का नामः क्रेच सुपरवाइजर - क्रेच कार्यक्रम

**स्थानः** रायडीह प्रखंड, जिला गुमला, झारखंड

## पद के बारे में:

क्रेच कार्यक्रम में क्रेच सुपरवाइजर के दो पदों हेतु आवेदन आमंत्रित हैं। प्रत्येक सुपरवाइजर 10 गाँवों में क्रेच गतिविधियों की निगरानी एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे/गी।

## मुख्य जिम्मेदारियाँ:

- क्रेच केन्द्रों का नियमित दौरा कर गतिविधियों की निगरानी करना। क्रेच केंद्रों में बच्चों के पोषण, देखभाल, स्वच्छता और प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करना।
- क्रेच कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण और क्षमतावर्धन में सहयोग करना। समय-समय पर मार्गदर्शन देना और उनके कार्य में आ रही समस्याओं का समाधान करना।
- माताओं, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय सेवा प्रदाताओं के साथ सामुदायिक बैठकें और कार्यक्रम आयोजित करना।
- क्रेच से संबंधित उपस्थिति, गतिविधियों और रिपोर्ट को एकत्र करना। क्लस्टर कोऑर्डिनेटर व परियोजना प्रबंधक को रिपोर्ट देना। फील्ड से सफल कहानियाँ, केस स्टडी, और फ़ोटोज़ का दस्तावेज़ीकरण करना।
- परियोजना प्रबंधन या संस्था द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य भी जिम्मेदारी से निभाना।

## योग्यता और अनुभव:

- सामाजिक कार्य, बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण या किसी अन्य संबंधित क्षेत्र में स्नातक डिग्री।
- 2 से 3 वर्ष का फील्ड कार्य का अनुभव, विशेषकर बाल देखभाल, पोषण या महिला एवं बाल विकास कार्यक्रमों में कार्य का अनुभव।
- ग्रामीण समुदाय में काम करने और जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन का अनुभव वांछनीय।

## आवश्यक दक्षताएं एवं क्षमताएं:

- प्रारंभिक बाल देखभाल और ग्रामीण समुदायों के साथ काम करने की अच्छी समझ।
- हिंदी और स्थानीय भाषा में संवाद करने की क्षमता। रिपोर्ट लेखन एवं रिकॉर्ड रखने का बुनियादी ज्ञान।
- दूरस्थ गांवों में नियमित यात्रा करने की इच्छा और क्षमता।
- वंचित और आदिवासी समुदायों के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता।
- क्रेच कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने और सहयोग देने का कौशल।

## मानदेय:

- ₹20,000 - ₹22,000 प्रति माह (शासकीय कर एवं कटौतियों के अनुसार) । मानदेय उम्मीदवार की योग्यता और अनुभव के आधार पर तय किया जाएगा।

## आवेदन कैसे करें:

- इच्छुक उम्मीदवार अपना अपडेटेड बायोडाटा और कवर लेटर नीचे दिए गए ईमेल पते पर भेजें: office@vssmp.org
- कृपया ईमेल के विषय में लिखें: **'क्रेच सुपरवाइजर - क्रेच कार्यक्रम के पद हेतु आवेदन'**

## महत्वपूर्ण सूचना:

- केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों से संपर्क किया जाएगा। चयन से पूर्व ऑनलाइन या प्रत्यक्ष साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा।